राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद
संख्या–74 (लो0सू0अ0) / 2023–24
मो. जोहैब खान, पता–फैजुल्लाह खान, हामिद कॉलोनी, वार्ड–29, पो.–लालबाग,
जिला–दरभंगा–846004
बनाम
लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
08.09.2023	मो. जोहैब खान, पता–फैजुल्लाह खान, हामिद कॉलोनी, वार्ड–29, पो. –लालबाग, जिला–दरभंगा–846004 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–02.09.2023 इस कार्यालय में दिनांक–08.09.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–56F 849379 दिनांक–अस्पष्ट संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी मो. जोहैब खान ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–03.08.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही मो. जोहैब खान उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–03.08.2023 की प्रति भी संलग्न है। लोक सूचना पदाधिकारी से उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–03.08.2023 से संबंधित अभिलेख की मॉग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–27.09.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। 8/9/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार ज्ञापांक- 1408/रा0स0(III) दिनांक- 11-09-2023 प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/मो. जोहैब खान, पता-फैजुल्लाह खान, हामिद कॉलोनी, वार्ड-29, पो.-लालबाग, जिला-दरभंगा-846004 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित। 8/9/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी	

अपील वाद संख्या–74 (लो०सू०अ०) / 2023–24

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक
27.09.2023	दिनांक-08.09.2023 को पारित आदेश के क्रम में लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय का प्रतिवेदन प्राप्त है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार उन्होंने अपीलार्थी मो. जोहैब खान द्वारा समर्पित प्रपत्र 'क' दिनांक-03.08.2023 के क्रम में सूचना/निर्णय अपने पत्र संख्या-119 दिनांक-29.08.2023 के माध्यम से अपीलार्थी को भेज दिया है। अपीलकर्ता मो. खान द्वारा यह अपील सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दायर किया गया था। अब चूंकि लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना का प्रेषण अपीलार्थी को किया जा चुका है, अतः इस प्रथम अपील पर किसी प्रकार की अग्रतर कार्रवाई की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। तद्नुसार सभी संबंधित को सूचित करें। 27/9/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी -सह- प्रथम अपीलीय प्राधिकार

ज्ञापांक-1505/रा०स०(III) दिनांक-29-09-2023

प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/मो. जोहैब खान, फैजुल्लाह खान, हामिद कॉलोनी, वार्ड-29, पो.-लालबाग, जिला-दरभंगा-846004 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/9/2023
विशेष कार्य पदाधिकारी